	सेवा–3 उपरोक्त दोनों प्रकार के पेंशन लाभार्थियों हेतु	जिला समाज कल्याण अधिकारी	(अ)खण्ड विकास अधिकारी/उप जिलाधिकारी से प्राप्त आवेदन पत्रों का पंजीकरण एवं लाभार्थी को स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना 45 दिन के भीतर भेजी जायेगी। (ब) पेंशन भुगतान की कार्यवाही आवेदन पत्र प्राप्ति के त्रैमास से आगामी त्रैमास के अन्तिम माह में की जायेगी।	मुख्य विकास अधिकारी	जिला अधिकारी
3	जनश्री बीमा योजना				
	सेवा–1 जनपद स्तर पर	जिला समाज कल्याण अधिकारी पदेन जिला प्रबन्धक बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम	आवेदन पत्र प्राप्त होने के एक माह के भीतर स्वीकृति/संस्तुति सहित राज्य मुख्यालय को प्रेषित किया जायेगा।	मुख्य विकास अधिकारी	जिला अधिकारी
	सेवा–2 राज्य मुख्यालय स्तर पर	उप–महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम	जिला कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त होने के 20 दिन के भीतर जीवन बीमा निगम कार्यालय को प्रेषित कर दिया जायेगा।	महाप्रबन्धक	प्रबन्ध निदेशक

8–शहरी विकास विभाग

क्र.सं.	सेवाएं	पदाभिहित अधिकारी का पदनाम	सेवा प्रदान करने की निश्चित समय–सीमा	प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम	द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम
1	2	3	4	5	6
01	जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (जन्म–मृत्यु , अस्पताल में होने पर एवं साक्ष्य हेतु चिकित्सकीय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किये जाने पर)	नगर निगम के नगर, स्वास्थ्य अधिकारी / रजिस्ट्रार	07 दिन	मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम	जिला अधिकारी
		नगरपालिका परिषद् के नगर स्वास्थ्य अधिकारी / रजिस्ट्रार / अधिशासी अधिकारी	07 दिन	नगर पालिका परिषद् हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
		नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी	07 दिन	नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	
02	जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण (जन्म–मृत्यु अस्पताल के अलावा अन्य स्थान पर सूचना उपलब्ध होने पर)	नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी / रजिस्ट्रार	15 दिन	मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम	जिला अधिकारी
		नगर पालिका परिषद् के नगर स्वास्थ्य अधिकारी / रजिस्ट्रार / अधिशासी अधिकारी	15 दिन	नगर पालिका परिषद् हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
		नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी	15दिन	नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
03	जन्म–मृत्यु का निकाय में पूर्व से पंजीकरण होने की दशा में जन्म–मृत्यु प्रमाण–पत्र का निर्गमन	नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी / रजिस्ट्रार	03 दिन	मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम	जिला अधिकारी
		नगर पालिका परिषद् के नगर स्वास्थ्य अधिकारी / रजिस्ट्रार / अधिशासी अधिकारी	03 दिन	नगर पालिका परिषद् हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
		नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी	03 दिन	नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी

04	सम्पत्ति हस्तान्तरण पत्र, अविवादित (आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर एवं समस्त अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने पर)	नगर निगम, के मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी	60 दिन	मुख्य विकास अधिकारी,	जिला अधिकारी
		नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी,	60 दिन	नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
05	सम्पत्ति हस्तान्तरण पत्र विवादित (आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर एवं समस्त अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करने पर)	नगर निगम के मुख्य नगर अधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित अधिकारी	90 दिन	मुख्य विकास अधिकारी,	जिला अधिकारी
		नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी,	90 दिन	नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
06	भवन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र	नगर निगम, के मुख्य नगर अधिकारी	30 दिन	मुख्य विकास अधिकारी	जिला अधिकारी
		नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी,	30 दिन	नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी
07	नगर निगम/नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायतों द्वारा भवन मानचित्रों की स्वीकृति (केवल विकास प्राधिकरण /विनियमित क्षेत्र के कार्य क्षेत्र की परिधि के बाहर के क्षेत्र)	नगर निगम, के मुख्य नगर अधिकारी	30 दिन	मुख्य विकास अधिकारी	जिला अधिकारी
		नगर पालिका परिषद /नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी,	30 दिन	नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत हेतु जिलाधिकारी द्वारा नामित उप जिलाधिकारी से अन्यून श्रेणी का अधिकारी	जिला अधिकारी

9–विद्यालयी शिक्षा

क्र.सं.	सेवाएं	पदाभिहित अधिकारी का पदनाम	सेवा प्रदान करने की निश्चित समय–सीमा	प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम	द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम
1	2	3	4	5	6
1	समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति (अनु0जाति /अनु0जनजाति/	प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक	छात्र से आवेदन पत्र प्राप्त होने के 10 के अन्दर	खण्ड शिक्षा अधिकारी	जिला अधिकारी

	अ0पि0वर्ग/अल्प संख्यक) के आवेदन पत्रों का समाज कल्याण विभाग को अग्रसारण।				
	समाज कल्याण विभाग से प्राप्त होने पर (अनु0जाति / अनु0जनजाति / अ0पि0 वर्ग/ अल्प संख्यक) छात्रवृत्ति का वितरण	प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक	10 दिन	खण्ड शिक्षा अधिकारी	जिला अधिकारी
2	स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र(टी0सी0)	प्रधानाचार्य / प्रधानाध्यापक	07 दिन	खण्ड शिक्षा अधिकारी	जिला अधिकारी

10–गृह विभाग

कार्यो का विवरण जिन पर निर्णय विभाग द्वारा लिया जाना है :–

क्र.सं.	सेवाएं	पदाभिहित अधिकारी का पदनाम	सेवा प्रदान करने की निश्चित समय–सीमा	प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम	द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी का पदनाम
1	2	3	4	5	6
1	विदेशियों की भारत में रहने की अवधि बढ़ाया जाना।	निरीक्षक एलआईयू0	07 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
2	विदेशियों का पंजीकरण	निरीक्षक एलआईयू	तत्काल	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
3	बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन (अन्य जनपदों से प्राप्त सत्यापन पत्र जहां का वह रहने वाला है।)	प्रभारी थानाध्यक्ष	07 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
4	एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराना (वादी को)	प्रभारी थानाध्यक्ष	तत्काल	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
5	लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने की अनुमति प्रदान करना	प्रभारी थानाध्यक्ष	05 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
6	सेवायोजन सम्बन्धी सत्यापन	प्रभारी थानाध्यक्ष	30 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
7	पार–पत्र सत्यापन	निरीक्षक एलआईयू	21 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
8	सामान्य प्रार्थना–पत्रों/शिकायतों का निस्तारण	प्रभारी थानाध्यक्ष	30 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
9	पुलिस के विरूद्ध शिकायत	क्षेत्राधिकारी	30 दिन	प्रभारी जनपद	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
कार्यो का विवरण जिन पर विभाग द्वारा जांच कर संस्तुति/ आख्या अग्रसारित की जानी है:–					
10	शस्त्र लाईसेन्स का नवीनीकरण की संस्तुति करना/ आख्या अग्रसारित करना।(अगर लाईसेन्स निर्धारित अवधि की समाप्ति से पूर्व और लाईसेन्स निर्गत करने वाले जनपद जहां से सेवा प्रदान की जाती है।)	प्रभारी थानाध्यक्ष	15 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

11	शस्त्र लाईसेन्स में अन्य कोई परिवर्तन करना विषयक संस्तुति/आख्या अग्रसारित करना।(अगर उसी जनपद में परिवर्तन किया जाना है)	प्रभारी थानाध्यक्ष	07 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
12	मेला/प्रदर्शनी एवं अन्य पायोजित कार्यक्रम हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान करने विषयक संस्तुति/ आख्या अग्रसारित करना।	प्रभारी थानाध्यक्ष	05 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
13	नये शस्त्र लाईसेन्स का सत्यापन विषयक संस्तुति/आख्या उपलब्ध करना।	प्रभारी थानाध्यक्ष	30 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
14	शस्त्रों का नवीनीकरण सत्यापन विषयक संस्तुति/आख्या अग्रसारित करना ।	प्रभारी थानाध्यक्ष	15 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
15	शस्त्र विक्रेताओं का लाईसेन्स नवीनीकरण का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान करने विषयक संस्तुति/ आख्या अग्रसारित करना।	प्रभारी थानाध्यक्ष	15 दिन	क्षेत्राधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
16	पेट्रोल पम्प/सिनेमा हॉल को अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने विषयक संस्तुति/आख्या अग्रसारित करना	प्रभारी थानाध्यक्ष / अग्नि शमन अधिकारी	15 दिन	क्षेत्राधिकारी मुख्य अग्नि शमन अधिकारी	पुलिस अधीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

2– सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत दिन की गणना कार्य दिवस के रूप में की जायेगी।

3– सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत सेवा की तिथि की गणना, पूर्ण रूप से, यथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्राप्त आवेदन पत्र की प्राप्ति के दिवस से मानी जायेगी।

4– उक्त सेवायें तत्काल प्रभाव से प्रभावी मानी जायेगी।

(मनीषा पंवार)
सचिव

संख्या–1337(1)/XXXI(13)G/2011 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तराखण्ड।
3. समस्त विभागध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. निदेशक राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर को इस निदेश के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त अधिसूचना को राज्य सरकार की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. उप निदेशक राजकीय मुद्रणालय रूड़की जनपद हरिद्वार को इस निर्देश के साथ अधिसूचना की एक हजार प्रतियां छपवा कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
(एन0एस0 डुंगरियाल)
अनु सचिव

संख्या-313/XVIII(II)/2011

प्रेषक,

पी.सी.शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. आयुक्त,
गढवाल/कुमाऊ मण्डल,
पौड़ी/नैनीताल।
3 समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

राजस्व अनुभाग–2 देहरादून, दिनांक23 दिसम्बर, 2011

विषय :– राजस्व वादों के निस्तारण में गति लाने के उददेश्य से पीठासीन अधिकारियों/सक्षम प्राधिकारियों के लिए दिशा निर्देश गठित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रकरण पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजस्व न्यायालयों में जनता की भूमि व संपत्ति से जुडे विभिन्न वाद निस्तारित किये जाते हैं। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में सामान्यतया राजस्व न्यायालयों में अधिक वाद नहीं हैं। किन्तु मैदानी क्षेत्रों में एवं जहां व्यवसायिक प्रगति अधिक है वहां पर राजस्व वादों में काफी वृद्वि हुई है। पीठासीन अधिकारियों द्वारा यद्यपि और भी कई तरह के कार्य यथा विकास कार्यों का अनुश्रवण, प्रोटोकाल, आपदा आदि किये जाते हैं तथापि राजस्व वादों का समयबद्व निस्तारण उनका मौलिक उत्तरदायित्व है।

2– वर्तमान में राज्य में समस्त राजस्व न्यायालयों में लगभग 40,852 राजस्ववाद लम्बित है। एक माह में लगभग 7 हजार नए वाद प्रस्तुत किये जा रहें है जिनके सापेक्ष एक माह में लगभग छह हजार वादों का निस्तारण हो रहा है। इस प्रकार पूर्व से लम्बित वादों एवं नये वादों के आने से लम्बित वादों की संख्या बढ़ती जा रही है।

3– राजस्व विभाग/राजस्व न्यायालयों में कई मामले अनावश्यक लम्बित रहतें है जो जनहित में नहीं है। विधिक प्रक्रियाएं पूर्ण हो जाने के उपरांत उन पर अमल की कार्यवाही समयबद्व आधार पर होनी चाहिए एवं विधिक प्रक्रियाओं को भी समयबद्व आधार पर पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इस दृष्टि से राजस्व विभाग/राजस्व न्यायालयों के अधीन निम्न महत्वपूर्ण विषयों को भी निम्न विवरणानुसार समयबद्व आधार पर निस्तारित किया जाना चाहिए–

	विषय	अधिनियम/धारा	सक्षम प्राधिकारी	प्रस्तावित समयावधि
	उत्तराधिकारी अथवा कब्जे के अन्तरण की रिपोर्ट	धारा 34, भू राजस्व अधिनियम	कानूनगो	सूचना के बाद 15 दिन
1 अ	उत्तराधिकारी अथवा कब्जे के अन्तरण की रिपोर्ट	धारा 34, भू राजस्व अधिनियम	नायब तहसीलदार/ तहसीलदार	35 दिन (तहसील वाद की स्थिति में)
2	निर्विवाद उत्तराधिकार के मामलों में वार्षिक रजिस्टरों का शुद्विकरण	धारा 33(क), भू राजस्व अधिनियम	कानूनगों	सूचना प्राप्त होने के बाद 15 दिन
3	वार्षिक रजिस्टरों का अनुरक्षण	धारा 33/35, भू राजस्व अधिनियम	परगनाधिकारी/ सहा0 कलेक्टर	सतत्
4	किसान बही उपलब्ध कराना	धारा 33, भू राजस्व अधिनियम	तहसील/ परगनाधिकारी/सहा0 कलेक्टर	किसान बही उपलब्ध होने पर 15 दिन में
5	मानचित्र (नक्शा) तथा फील्ड बुक का रख–रखाव	धारा 28, भू राजस्व अधिनियम	कलेक्टर	06 माह
6	वार्षिक पंजिका में प्रविष्टियों के विषय में विवादों का निपटारा	धारा 40, भू राजस्व अधिनियम	नायब तहसीलदार/तहसीलदार	सूचना प्राप्त होने पर 30 दिन
7	पटटों का सत्यापन/पटटों पर अवैध अध्यासियों का चिन्हीकरण			सतत्
8	खातों का सत्यापन/बेनामी खातों का चिन्हीकरण			सतत्
9	भूमि अंतरण के प्रकरणों में अपील विषयक कार्यवाहियां	धारा 210, भू राजस्व अधिनियम	परगनाधिकारी/सहा. कलेक्टर	06 माह (पुर्नरीक्षण यदि कोई हो तो उसकी अवधि छोड कर)
10	भूमिधरों के खातों का विभाजन	धारा 176, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम	परगनाधिकारी/सहा. कलेक्टर	06 माह (पुर्नरीक्षण/प्रथम अपील/द्वितीय अपील/रिट याचिका यदि कोई हो तो उनकी अवधि छोड कर)
11	खातों के विभाजन का तरीका	धारा 178, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम	परगनाधिकारी/सहा. कलेक्टर	45 दिन (पुर्नरीक्षण यदि कोई हो तो उसकी अवधि छोड कर)
12	प्रख्यापनिक वाद तथा किसी जोत अथवा उसके भाग का असामी होने का दावा विषयक वाद का निस्तारण	धारा 229/229बी, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम	परगनाधिकारी/सहा. कलेक्टर	06 माह (पुर्नरीक्षण/प्रथम अपील/द्वितीय अपील/रिट याचिका यदि कोई हो तो उनकी अवधि छोड कर)
13	भूमि पर आगम बिना काबिज की बेदखली	धारा 209, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम	परगनाधिकारी/सहा. कलेक्टर	03 माह (पुर्नरीक्षण/प्रथम अपील/द्वितीय

				अपील/रिट याचिका यदि कोई हो तो उनकी अवधि छोड कर)
14	अनुसूचित/आदिम जन जाति के सदस्य द्वारा धृत भूमि के अप्राधिकृत अध्यासियों को बेदखल करने की कार्यवाही	धारा 211, जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम	परगनाधिकारी/सहा. कलेक्टर	03 माह
	प्रत्येक खातेदार का पृथक खाता तैयार करना	धारा 33, भू राजस्व अधिनियम	कानूनगो/नायब तहसीलदार/नायब तहसीलदार	सर्वेक्षण सक्रियाएं पूर्ण होने के 15 दिन के भीतर

कृपया उपरोक्तानुसार विभिन्न वादों के समयबद्व निस्तारण एवं इनके नियमित अनुश्रवण हेतु सभी अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें एवं इस संदर्भ में हुई प्रगति से पूर्व व्यवस्था के अनुरूप शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(पी.सी.शर्मा)
प्रमुख सचिव

पृ०प०सं०-313 / समदिनांकित/2011
प्रतिलिपिः- **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. निदेशक, एन.आई.सी., सचिवालय परिसर, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. महानिदेशक, सूचना निदेशालय, 12 ई.सी.रोड़ देहरादून।
4. प्रभारी मीडिया सेण्टर, सचिवालय परिसर, देहरादून।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(संतोष बडोनी)
अनुसचिव

प्राथमिकता / महत्वपूर्ण

संख्या–2963 / XVIII(II) / 11–13(19) / 2009

प्रेषक,

पी0सी0 शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. **मुख्य राजस्व आयुक्त,**
   उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. **आयुक्त,**
   गढ़वाल एवं कुमांऊ मण्डल।
3. **समस्त जिलाधिकारी,**
   उत्तराखण्ड।

राजस्व अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांकः 24 नवम्बर, 2011

विषय–सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली जन सेवाओं को एकल खिड़की के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0–1628 / XXXI(13)G / 2011 दि0–21.11.2011 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली जन सेवाओं को एकल खिड़की के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्गत दिशा निर्देशों का प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोपरि

भवदीय,

24/XI

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव।

पृ0प0सं0– / समदिनांकित / 2011

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. अपर सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन को उनके पत्र सं0–403 / XXXV–4 / 2011 दि0–18.11.2011 के क्रम में सूचनार्थ।
4. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर देहरादून।
5. प्रभारी, मीडिया सेन्टर, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

1023UO LETTERS

मा. मुख्यमंत्री द्वारा

महत्वपूर्ण / सेवा का अधिकार

संख्या 1628/ XXXi(13)G/ 2011

प्रेषक

सुभाष कुमार,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. मण्डलायुक्त,
गढ़वाल एवं कुमाऊं
मण्डल, पौड़ी / नैनीताल।

2. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

सामान्य प्रशासन विभाग

देहरादून दिनांक 2\ नवम्बर, 2011

विषयः— **सेवा का अधिकार अधिनियम–2011 के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली जन सेवाओं को एकल खिड़की के माध्यम् से उपलब्ध कराये जाने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि 'उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार अधिनियम 2011' द्वारा लागू हो चुका है। शासन द्वारा अधिनियम की धारा–3 के अन्तर्गत कतिपय सेवाओं को जन सामान्य को उपलब्ध कराये जाने हेतु अधिसूचना संख्या–1337 / XXXI(13)G/2011 दिनांक 28 अक्टूबर, 2011 चिन्हित एवं अधिसूचित की जा चुकी हैं। सेवाओं को सुगमता से उपलब्ध कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या–1353 / XXXI(13)G/2011 दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 द्वारा विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये जा चुके हैं।

2— उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सेवाओं को तहसील एवं विकास खण्डों स्तर पर अधिक सुगमता से उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि तहसील स्तर पर एकल खिड़की के रुप में **"देवभूमि जनसेवा केन्द्रों"** के माध्यम से सेवायें प्रदान की जाय। इस सम्बन्ध में जनसेवा केन्द्र के संचालन हेतु निम्न निर्देश निर्गत किये जा रहे हैं:—

(1) प्रथम चरण में **"देवभूमि जनसेवा केन्द्र"** तहसील स्तर पर पूर्व से स्थापित जनाधार केन्द्र से संचालित होगें।

(2) **"देवभूमि जनसेवा केन्द्र"** सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी के नियंत्रणाधीन रहेगा।

(3) **"देवभूमि जनसेवा केन्द्र"** में एक कार्यालय सहायक की तैनाती राजस्व विभाग द्वारा की जायेगी।

Letter&2-doc

(4) सेवा का अधिकार अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों को सम्बन्धित कार्यालय सहायक द्वारा प्राप्त किया जायेगा और उसी दिन सम्बन्धित पदाभिहित अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) **"देवभूमि जनसेवा केन्द्र"** में शासनादेश संख्या–1353/XXXI(13)G/2011 दिनांक 31 अक्टूबर, 2011 के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अभिसूचित सेवाओं, नियत समय–सीमा आदि की सूचना, केन्द्र के सूचना पट्ट का प्रारुप प्रपत्र–01 पर प्रदर्शित की जायेगी।

(6) आवेदक को सेवा से सम्बन्धित पदाभिहित अधिकारी अथवा **"देवभूमि जनसेवा केन्द्र"** के माध्यम् से अपेक्षित सेवा प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध होगा।

(7) प्रथम चरण में **"देवभूमि जनसेवा केन्द्र"** के माध्यम् से केवल राजस्व, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा समाज कल्याण विभाग की अभिसूचित/चिन्हित सेवायें उपलब्ध करायी जायेगी।

3– उपरोक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

(सुभाष कुमार)
मुख्य सचिव।

संख्या /xxxi(13)G/ 2011 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।

2– प्रमुख सचिव/सचिव, राजस्व/ग्राम्य विकास/समाज कल्याण/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति को उपरोक्तानुसार अधीनस्थ विभागों/कार्यालयों को निर्देशित किये जाने हेतु।

3- निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर।

आज्ञा से,

(मनीषा पंवार)
सचिव।

Letter&2-doc

संख्या:286/XXVII(7)/(II)/2011

हेमलता ढौंडियाल
सचिव,वित्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा मे,

समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयध्यक्ष,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त(वे0आ0-सा0नि0)अनु0--07 देहरादून:दिनांक:30दिसम्बर,2011

विषय:--अविभाजित उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स तथा उत्तर प्रदेश से स्थानांतरित हुए पेंशनर्स की चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान, के स्पष्टीकरण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अविभाजित उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स (09--11--2000 के पूर्व) जो उत्तराखण्ड के कोषागारों से पेंशन प्राप्त कर रहे तथा ऐसे पेंशनर्स जिनके प्राधिकार पत्र दिनांक 09 नवम्बर,2000 के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस राज्य के स्थानांतरित किये गये हैं, के चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के संबध में चिकित्सा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या: 3531 / 5--6--04--294 / 6 दिनांक 07 दिसम्बर,2004 द्वारा अविभाजित उत्तार प्रदेश राज्य की सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारी / अधिकारी के उत्तराखण्ड राज्य में स्थाई रूप से निवास कर रहें है, के स्वंय तथा उनके परिवार के आश्रित सदस्यों की चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु उनके द्वारा प्रस्तुत दावों के तकनीकी परीक्षण हेतु अपर निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मण्डल, बरेली एवं सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर को अधिकृत किया गया है तथा इसी आधार पर वित्त विभाग के शासनादेश संख्या: 503 / XXVII(7) / 2010 दिनांक 26 मई,2010 उत्तर प्रदेश राज्य के पेंशनर्स (09--11--2000 के पूर्व) जो उत्तराखण्ड के कोषागारों से पेंशन प्राप्त कर रहें है तथा ऐसे पेंशनर्स जिनके प्राधिकार पत्र दिनांक 09--11--2000 के बाद उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा इस राज्य के लिए स्थानांतरित किये गये है कि पेंशन, अन्य सेवानिवृत्तिक लाभ तथा चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति का भुगतान अन्य राज्यों के पेंशनर्स की भांति अन्तर्राज्जीय समायोजन हेतु विहित प्रकिया के अनुसार किये जाने के संबंध में निर्देश जारी किये गये है।

उत्तर प्रदेश राज्य, वित्त(सामान्य) अनुभाग--3 के शासनादेश संख्या:सा0--3--661 / दस--2011 दिनांक 04 अगस्त,2011 के साथ संलग्न चिकित्सा अनुभाग--6 के शासनादेश संख्या 1892 / 5--6--11--294 / 96 टी0सी0 दिनांक 02 अगस्त,2011 द्वारा चिकित्सा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या:3531 / 5--6--04--294 / 6 दिनांक 07 दिसम्बर,2004 की व्यवस्था को समाप्त करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स जो उत्तराखण्ड राज्य में स्थायी रूप से निवास कर रहे है, के चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों का निस्तारण उत्तराखण्ड राज्य के विभागाध्यक्ष द्वारा किये जाने पर सहमति दी गयी है।

2-- उत्तर प्रदेश राज्य दी गयी उक्त सहमति के आलोक में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अविभाजित उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स (09--11--2000 के पूर्व) जो उत्तराखण्ड के कोषागारों से पेंशन प्राप्त कर रहे तथा ऐसे पेंशनर्स जिनके प्राधिकार पत्र दिनांक 09 नवम्बर,2000 के बाद उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस राज्य के स्थानांतरित किये गये हैं, तथा जो उत्तराखण्ड राज्य में स्थायी रूप से निवास कर रहें है, के चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के दावों का निस्तारण राज्य के विभागाध्यक्षों द्वारा नियमानुसार किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

राज्य के कोषागारों द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों का भुगतान अन्तराज्जीय समायोजन के माध्यम से किया जाएगा।

भवदीय,

(हेमलता ढौंडियाल)
सचिव,वित्त।

संख्या 286 (I)/XXVII (7) 09(II)/ 2011, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2–महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3– [illegible] सचिव/सचिव उत्तराखण्ड शासन।
4– प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
5– सचिव, श्री राज्यपाल उत्तराखण्ड देहरादून।
6– सचिव, विधान सभा उत्तराखण्ड देहरादून।
7– महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड, नैनीताल।
8– स्थानिक आयुक्त उत्तराखण्ड नई दिल्ली।
9– निदेशक, लेखा एंव हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
10– क्षेत्रीय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन गढ़वाल/कुमांऊ।
11–रीजनल प्रोविडेन्ट फण्ड कमिश्नर,कानपुर/देरादून।
12– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
13– वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
14– उप निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की।
15– वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड एकक देहरादून।
16– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(शरद चन्द्र पाण्डेय)
अपर सचिव, वित्त

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– ✓ /XVIII(1)/2011–2(7)/2011
देहरादूनः दिनांक २२ दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला पौड़ी गढ़वाल के तहसील चौबट्टाखाल के राजस्व ग्राम गडरी के उप ग्राम ड्वीला तल्ला जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– ✓ (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–1030 (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल के पत्र संख्या– 2835/सात–भूलेख (2009–10) दिनांक 13 सितम्बर, 2010 के क्रम में इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने

2–

की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा) 21/10/11
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–१०३० / XVIII(1) / 2011–2(7) / 2011 दिनांक २२ दिसम्बर, 2011
का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
20460 (जेड0 ए0)	गडरी	ड्वीला तल्ला	2376	64.620	159.679
4200 (नॉन जेड0 ए0)					

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– ⁄ /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक २। दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला टिहरी गढ़वाल के तहसील घनसाली के राजस्व ग्राम चमियाला के कांगड़ा एवं लाटा जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– ⁄ (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–क में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– 1335(1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या– 3462/मु0रा0आ0/2011 दिनांक 19 सितम्बर, 2011 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित

2–

कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–1735/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक २१ दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
10208	चमियाला	कांगड़ा	3784	256.567	103.829
		लाटा	1069	72.624	29.390

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– ~ /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक २१ दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला टिहरी गढ़वाल की तहसील घनसाली के राजस्व ग्राम पंगरियाणा के लैणी जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी०सी० शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– ~ (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी०सी० शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–1736(1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या– 1329/मु0रा0आ0/2011 दिनांक 02 अप्रैल, 2011 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित

2–

कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–1736/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक21 दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
8000	पंगरियाणा	लैणी	2351	137.934	55.8[illegible]0

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक 21 दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला टिहरी के तहसील देवप्रयाग के राजस्व ग्राम दालढुंग के नाडा–धौलियाणा जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी०सी० शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी०सी० शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–1734(1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या–4029/मु0रा0आ0/2011 दिनांक 08 नवम्बर, 2011 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित

2–

कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस विपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–1437/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक २१ दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
7426	दालढुंग	नाडा–धौलियाणा	3650	285.980	115.716

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक २१ दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला उत्तरकाशी की तहसील डुण्डा के राजस्व ग्राम फोल्ड के उपग्राम बमणगांव जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि– अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी उत्तरकाशी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–1738(1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या–2147/ मु0रा0आ0/2011 दिनांक 06 जून, 2011 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के

2–

किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त, गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचंना निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर, देहरादून।
4. जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–१५३७/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक २१दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
7616	फुल्ड	बमणगांव	2819	128	51.328

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक 21 दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला उत्तरकाशी की तहसील डुण्डा के राजस्व ग्राम हिटाणू के उपग्राम उदाल्का एवं उपग्राम भालसी जिनकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी उत्तरकाशी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–1739(1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः
प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या– 796/ मु0रा0आ0/रा0ग्राम /2007 दिनांक 25 जनवरी, 2007 के संदर्भ में इस अनुरोध

2–

के साथ प्रेषित कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन-आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–१२३९/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक२१ दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
6656	हिटाणू	उदाल्का	–	146.007	59.089
		भालसी	–	156.400	63.295

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– ✓ /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक २१ दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला उत्तरकाशी की तहसील डुण्डा के राजस्व ग्राम सिरी के धौंतरी जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– ✓ (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी उत्तरकाशी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– १४५० (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या–4592/ सात– भूलेख/राजस्व ग्रा0 गठन दिनांक 17 जुलाई, 2011 के संदर्भ में इस

2–

अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, उत्तरकाशी को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा) ५।४।।
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–१७५०/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक२१ दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
11892	सिरी	धौंतरी	1038	50.142	20.057

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– ~ /XVIII(1)/2011–2(4)/2008
देहरादूनः दिनांक २१ दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला टिहरी गढ़वाल के तहसील देवप्रयाग के राजस्व ग्राम गवाणा के ग्वाड टोला जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– ~ (1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–\३५१(1)/XVIII(1)/2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या–2832/मु0रा0आ0/2011 दिनांक 30 जुलाई, 2011 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित

2–

कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

21/2/11

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–१३५१/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक २१ दिसम्बर, 2011 का संलग्नक

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
6054	गवाणा	ग्वाड टोला	1915	135.611	54.880

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– / XVIII(1) / 2011–2(4) / 2008
देहरादूनः दिनांक २१ दिसम्बर, 2011

अधिसूचना

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950 (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश), 2001, की धारा 3 के खण्ड (25) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से, जिला पौड़ी गढ़वाल के तहसील चौबट्टाखाल के राजस्व ग्राम किमगड़ी के गवाणी जिसकी गाटो की संख्या और क्षेत्रफल आदि की सूची नक्शे की प्रति सहित संलग्न है, को पृथक कर राजस्व ग्राम गठित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राज्यपाल यह भी निदेश देते हैं कि इस अधिसूचना की किसी बात से किसी विधि न्यायालय में, जिसमें उक्त क्षेत्रों के संबंध में अब तक अधिकारिता का प्रयोग किया है, पहले से प्रारम्भ या लम्बित किसी विधिक कार्यवाही पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या– (1) / XVIII(1) / 2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इसे विधायी परिशिष्ट भाग–4 खण्ड–ख में प्रकाशित कराकर मुद्रित अधिसूचना की 20–20 प्रतियां राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून, मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून, आयुक्त गढवाल मण्डल पौड़ी एवं जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

संख्या–१७५४(1) / XVIII(1) / 2011 एवं तद्दिनांकः

प्रतिलिपि संलग्नक सहित मुख्य राजस्व आयुक्त उत्तराखण्ड देहरादून को उनके पत्र संख्या–5763 / मु0रा0आ0 / 2010 दिनांक 12 अगस्त, 2011 के संदर्भ में इस अनुरोध के साथ प्रेषित

2–

कि वे इस आदेश की प्रति जनपद के संबंधित तहसील भवन तथा संबंधित ग्रामों के किसी प्रमुख स्थान पर लगाने तथा प्रत्येक स्थान पर नोटिस चिपकाने की तिथि बताते हुये अनुपालन आख्या एवं संबंधित अभिलेखों में इन्द्राज अभिलेखों में इन्द्राज किये जाने की स्पष्ट सूचना उत्तराखण्ड शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. आयुक्त,गढवाल मण्डल पौड़ी।
2. निदेशक, सूचना निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून।
3. निदेशक, एन0आई0सी0 उत्तराखण्ड सचिवालय परिसर देहरादून।
4. जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल को उक्तानुसार अविलम्ब अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

21/2/11

(पी0सी0 शर्मा)
प्रमुख सचिव

अधिसूचना संख्या–1742/XVIII(1)/2011–2(4)/2008 दिनांक 21 दिसम्बर, 2011
का संलग्नक

1 /मु0रा0आ0/2010

नये राजस्व ग्राम में सम्मिलित किये गये गाटों की संख्या व क्षेत्रफल

गाटा संख्या	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित है।	ग्राम सभा का नाम जिसमें स्तम्भ–1 में उल्लिखित भूमि सम्मिलित होगी।	स्तम्भ–3 में उल्लिखित गांव का क्षेत्रफल।		
			गाटो की संख्या	एकड़ में	हैक्टेयर में
1	2	3	4	5	6
14522	किमगड़ी	गवाणी	6143	1443	577.916

संख्या–471/XVIII(1)/2011-3/2008

प्रेषक,

सन्तोष बडोनी
अनुसचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य राजस्व आयुक्त/
मुख्य संचालक राजस्व पुलिस,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

राजस्व अनुभाग–1 देहरादूनः दिनांकः 02 मार्च, 2011

विषयः– राजस्व पुलिस संवर्ग के पुनर्गठन/वेतनमान उच्चीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के लगभग 65 प्रतिशत भू–भाग पर राजस्व पुलिस व्यवस्था लागू है, लगभग 95 वर्षो से चली आ रही कानून व्यवस्था को राज्य के लिये अभी भी उपयोगी समझा गया है। वर्तमान परिस्थितियों, कानून व्यवस्था की जटिलताओं, नये–नये कानूनों के प्रख्यापन तथा जांच प्रक्रिया आदि की कठिनाईयों के दृष्टिगत राजस्व पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से राजस्व पुलिस संवर्ग में बेहतर कार्मिकों की सेवाये प्राप्त करने हेतु इस संवर्ग का वेतनमान, पदनाम, शैक्षिक अर्हताएं एवं उनके प्रशिक्षण को पुनरीक्षित करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2– राजस्व पुलिस संवर्ग राजस्व निरीक्षक (कानूनगो), पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक/पटवारी अनुसेवक के पदनाम, वेतनमान एवं शैक्षिक अर्हता वर्तमान व्यवस्था को निम्नतालिका के अनुरूप पुनरीक्षित किये जाते हैंः–

वर्तमान व्यवस्था				पुनरीक्षित व्यवस्था		
क्र0 सं0	पदनाम	शैक्षिक अर्हता	वर्तमान वेतनमान (रू0 में)	पदनाम	संशोधित वेतनमान (रू0 में)	शैक्षिक अर्हता
1	2	3	4	5	6	7
1.	राजस्व निरीक्षक (पर्वतीय कानूनगो)	प्रोन्नति का पद	(4500–7000) रू0 5200–20200 +ग्रेड पे रू0 2800	राजस्व निरीक्षक (पर्वतीय कानूनगो)	(5000–8000) 9300–34800+ ग्रेड पे–4200	प्रोन्नति का पद
2.	पटवारी	इण्टरमीडिएट (सीधी भर्ती)	(3050–4590) रू0 5200–20200 +ग्रेड पे रू0 1900	राजस्व उपनिरीक्षक	(4500–7000) 5200–20200+ ग्रेड पे–2800	स्नातक (सीधी भर्ती)
3.	राजस्व निरीक्षक (पर्वतीय)/ पटवारी अनुसेवक	समूह "घ" नियमावली के अनुसार	(2550–3200) रू0 4440–7440 +ग्रेड पे रू0 1300	राजस्व सेवक	स्टाफिंग पैटर्न के अनुसार 2550–3200 35% 2650–4000 33% 2750–4400 25% 3050–4590 10% रू0 1000/–प्रतिकर भत्ता	समूह "घ" नियमावली के अनुसार

2–

Sewa metter GO (2).doc

3– इस राजस्व पुलिस संवर्ग में कार्यरत कार्मिको एवं संवर्ग में नयी/सीधी भर्ती द्वारा नियुक्त होने वाले कार्मिको की क्षमता वृद्धि के लिए पटवारी प्रशिक्षण केन्द्र, अल्मोड़ा, पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र नरेन्द्रनगर, उत्तराखण्ड न्यायिक अकादमी, भवाली, उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल एवं उत्तराखण्ड विधि विज्ञान केन्द्र, देहरादून को सम्मलित कर एक प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया जायेगा यह प्रशिक्षण मॉड्यूल मुख्य राजस्व आयुक्त/मुख्य संचालक राजस्व पुलिस द्वारा इन सभी प्रशिक्षण संस्थानो से परामर्श से तैयार किया जायेगा।

4– राजस्व पुलिस संवर्ग में सीधी भर्ती से नियुक्त होने वाले कार्मिकों के लिए न्यूनतम 9 माह का प्रशिक्षण अनिवार्य होगा, इसमे 6 माह का प्रशिक्षण पटवारी केन्द्र, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल, उत्तराखण्ड पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, नरेन्द्रनगर, उत्तराखण्ड न्यायिक अकादमी, भवाली तथा 3 माह का फील्ड प्रशिक्षण जिला स्तर पर होगा। संवर्ग में सीधी भर्ती से नियुक्त कार्मिकों को प्रथम वेतन वृद्धि तभी अनुमन्य की जायेगी जब उनके द्वारा यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया जायेगा।

15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	6875
16– व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए	375
25– लघु निर्माण कार्य	500
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	875
29– अनुरक्षण	1250
42– अन्य व्यय	50
45– अवकाश यात्रा व्यय	50
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	425
योग–	16625

(8) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–094–अन्य स्थापनाएं–03–राजस्व पुलिस एवं भूलेख प्रशिक्षण केन्द्र

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	12
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	12
07– मानदेय	25
08– कार्यालय व्यय	37
11– लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	3
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	12
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	25
22– आतिथ्य व्यय विषयक भत्ता	5
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	25
29– अनुरक्षण	12
42– अन्य व्यय	6
45– अवकाश यात्रा व्यय	12
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	6
योग–	192

(9) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–101 आयुक्त–03 मुख्य कार्यालय

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	75
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	12
07– मानदेय	12
08– कार्यालय व्यय	200
11– लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	62
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	50
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	250
16– व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	50
25– लघु निर्माण	50
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	50

Non Plan-Latter

29– अनुरक्षण	125
42– अन्य व्यय	12
45– अवकाश यात्रा व्यय	12
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	25
योग–	**985**

महायोग– 2,30,21,000/-

(रू0 दो करोड़ तीस लाख इक्कीस हजार)

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

Non Judicial-Latter

संख्या– 884/ XVIII(1)/2011-01(27)/2010

प्रेषक,

संतोष बड़ोनी,
अनु सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

राजस्व अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 27 जुलाई, 2011

विषय–वित्तीय वर्ष 2011–12 में आयोजनेत्तर पक्ष की मदों की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31.03.2011, शासनादेश संख्या–495/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 T.C दिनांक 13.04.2011, शासनादेश संख्या–592/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 T.C दिनांक 11.05.2011, शासनादेश संख्या–686/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 दिनांक 25.05.2011 एवं शासनादेश संख्या– 711/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 दिनांक 22.06.2011 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2011–12 हेतु अनुदान संख्या–6 के अन्तर्गत संलग्न सूची में संलग्न विवरणानुसार विभिन्न लेखाशीर्षकों में अवचनबद्ध मदों हेतु प्राविधानित बजट के सापेक्ष अवशेष धनराशि कुल ₹ 4,58,13,000/-(₹ चार करोड़ अट्ठावन लाख तेरह हजार) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

1 व्यय करने से पूर्व जिन मामलों मे बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायें।
2 किसी अनुदान के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि का बगैर वित्त विभाग की सहमति के किसी स्तर से किसी प्रकार के पुनर्विनियोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध है।
3 प्रतिमाह के अन्त में हुए व्यय विवरण बी0एम0–13 पर नियमित रूप से शासन को आगामी माह के विलम्बतम 20 तारीख तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जायेगा।
4 व्यय करते समय स्टोर पर्चेज रूल्स, वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1, वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1, बजट मैनुअल, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली–2008 तथा अन्य सुसंगत नियमों व तद्विषयक शासनादेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा।
5 व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों एवं अन्य तद्विषयक आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2– यह आदेश वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31.03.2011 के क्रम में निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

–2

Non Plan-Latter

संख्या– ✓ (1)/ XVIII(1)/2011 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2 आयुक्त, गढ़वाल/कुमाऊँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
3 समस्त जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4 निदेशक/वरिष्ठ कोषागार/कोषाधिकारी, देहरादून।
5 वित्त अधिकारी, मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय देहरादून।
6 वित्त अनुभाग–5
7 गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

Non Plan-Latter

शासनादेश संख्या– 592 /XVIII(1)/2011-01(21)/2010 दिनांक 11 मई, 2011 का संलग्नक

(1) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–001–निदेशन तथा प्रशासन–03– भूमि अध्याप्ति– सामान्य राजस्व व्यय

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	75
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	18
07– मानदेय	6
08– कार्यालय व्यय	100
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	37
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	37
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	12
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	50
45– अवकाश यात्रा व्यय	12
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	25
योग–	**372**

(2) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–001–निदेशन तथा प्रशासन–04– राजस्व आयुक्त अधिष्ठान

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	37
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	12
07– मानदेय	2
08– कार्यालय व्यय	75
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	25
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	75
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	175
16– व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	125
18– प्रकाशन	12
22– आतिथ्य व्यय विषयक भत्ता आदि	6
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	125
29– अनुरक्षण	50
45– अवकाश यात्रा व्यय	25
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	25
योग–	**769**

(3) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भूराजस्व–101 संग्रहण प्रभार–03–भू– राजस्व (मालगुजारी) तकावी नहर और अन्य प्रकीर्ण सरकारी देय धनराशियों का संग्रहण प्रभार

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	100
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	25
07– मानदेय	25
08– कार्यालय व्यय	150
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	100
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	25
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	37
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	150
42– अन्य व्यय	12
45– अवकाश यात्रा व्यय	25

Non Plan-Latter

47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	62
योग–	**711**

(4) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भूराजस्व–103–भू–अभिलेख–03 जिला अधिष्ठान

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	625
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	87
07– मानदेय	6
08– कार्यालय व्यय	500
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	100
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	125
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	200
25– लघु निर्माण कार्य	200
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	500
29– अनुरक्षण	250
42– अन्य व्यय	25
45– अवकाश यात्रा व्यय	25
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	100
योग–	**2743**

(5) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–800–अन्य व्यय–03 खेतों की चकबन्दी–0302–जिला अधिष्ठान

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	17
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	12
07– मानदेय	2
08– कार्यालय व्यय	37
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	25
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	20
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	25
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	37
42– अन्य व्यय	12
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	12
योग–	**199**

(6) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–093–जिला स्थापनाएं–03 कलेक्टरी स्थापना

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	1250
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	375
07– मानदेय	100
08– कार्यालय व्यय	3750
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	500
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	250
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	6875
16– व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए	375
25– लघु निर्माण कार्य	500
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	875
29– अनुरक्षण	1250
42– अन्य व्यय	50

Non Plan-Latter

45– अवकाश यात्रा व्यय	50
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	425
योग–	**16625**

(7) **अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–094–अन्य स्थापनाएं–03–राजस्व पुलिस एवं भूलेख प्रशिक्षण केन्द्र**

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	12
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	12
07– मानदेय	25
08– कार्यालय व्यय	37
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	3
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	12
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	25
22– आतिथ्य व्यय विषयक भत्ता	5
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	25
29– अनुरक्षण	12
42– अन्य व्यय	6
45– अवकाश यात्रा व्यय	12
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	6
योग–	**192**

(8) **अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–101 आयुक्त–03 मुख्य कार्यालय**

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
04– यात्रा व्यय	75
05– स्थानान्तरण यात्रा व्यय	12
07– मानदेय	12
08– कार्यालय व्यय	200
11– लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	62
12– कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	50
15– गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल	250
16– व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	50
25– लघु निर्माण	50
27– चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	50
29– अनुरक्षण	125
42– अन्य व्यय	12
45– अवकाश यात्रा व्यय	12
47– कम्प्यूटर अनुरक्षण	25
योग–	**985**

महायोग– 2,25,96,000/-

(रू0 दो करोड़ पच्चीस लाख छियानब्बे हजार)

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

Non Plan-Latter

संख्या–/003/ XVIII(1)/2011-01(27)/2010

प्रेषक,

संतोष बड़ोनी,
अनु सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

राजस्व अनुभाग–1 देहरादून दिनांक 29 जुलाई, 2011

विषय–वित्तीय वर्ष 2011–12 में आयोजनेत्तर पक्ष की मदों की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31.03.2011, शासनादेश संख्या–495/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 T.C दिनांक 13.04.2011, शासनादेश संख्या–592/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 T.C दिनांक 11.05.2011, शासनादेश संख्या–686/XVIII(1)/2011-01(27)/2010 दिनांक 25.05.2011, शासनादेश संख्या– 711/XVIII(1)/2011 -01(27)/2010 दिनांक 22.06.2011 एवं शासनादेश संख्या– 884/XVIII(1)/2011 -01(27)/2010 दिनांक 27.07.2011 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2011–12 हेतु अनुदान संख्या–6 के अन्तर्गत संलग्न सूची में संलग्न विवरणानुसार विभिन्न लेखाशीर्षकों के मद संख्या–46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय हेतु प्राविधानित बजट की धनराशि कुल ₹ 10,50,000/-(₹ दस लाख पचास हजार) निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

1 व्यय करने से पूर्व जिन मामलों मे बजट मैनुअल, वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों तथा अन्य स्थाई आदेशों के अन्तर्गत शासकीय अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो उनमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायें।
2 किसी अनुदान के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि का बगैर वित्त विभाग की सहमति के किसी स्तर से किसी प्रकार के पुनर्विनियोग पर पूर्ण प्रतिबन्ध है।
3 प्रतिमाह के अन्त में हुए व्यय विवरण बी0एम0–13 पर नियमित रूप से शासन को आगामी माह के विलम्बतम 20 तारीख तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जायेगा।
4 व्यय करते समय स्टोर पर्चेज रूल्स, वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–1, वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5 भाग–1, बजट मैनुअल, उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली–2008 तथा अन्य सुसंगत नियमों व तद्विषयक शासनादेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा।
5 व्यय करते समय मितव्ययता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेशों एवं अन्य तद्विषयक आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2– यह आदेश वित्त विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–209/XXVII(1)/2011 दिनांक 31.03.2011 के क्रम में निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

–2

Non Plan-Latter

संख्या– (1)/ XVIII(1)/2011 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1 महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2 आयुक्त, गढ़वाल/कुमाऊँ मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
3 समस्त जिलाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
4 निदेशक/वरिष्ठ कोषागार/कोषाधिकारी, देहरादून।
5 वित्त अधिकारी, मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय देहरादून।
6 वित्त अनुभाग–5
7 गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

Non Plan-Latter

शासनादेश संख्या– /XVIII(1)/2011-01(27)/2010 दिनांक जुलाई, 2011 का संलग्नक

(1) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–001–निदेशन तथा प्रशासन–03–भूमि अध्याप्ति–सामान्य राजस्व व्यय

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	50

(2) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–001–निदेशन तथा प्रशासन–04– राजस्व आयुक्त अधिष्ठान

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	100

(3) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–001–निदेशन तथा प्रशासन–05– राजस्व पुलिस सुदृढ़ीकरण

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	–

(4) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भूराजस्व–101 संग्रहण प्रभार–03–भू– राजस्व (मालगुजारी) तकावी नहर और अन्य प्रकीर्ण सरकारी देय धनराशियों का संग्रहण प्रभार

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	400

(5) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भूराजस्व–103–भू–अभिलेख–03 जिला अधिष्ठान

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	100

(6) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2029–भू–राजस्व–800–अन्य व्यय–03 खेतों की चकबन्दी–0302–जिला अधिष्ठान

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	–

(7) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–093–जिला स्थापनाएं–03 कलेक्टरी स्थापना

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	300

(8) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–094–अन्य स्थापनाएं–03–राजस्व पुलिस एवं भूलेख प्रशिक्षण केन्द्र

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	50

(9) अनुदान संख्या–06 लेखाशीर्षक–2053 जिला प्रशासन–101 आयुक्त–03 मुख्य कार्यालय

मानक मद का नाम	धनराशि हजार रू0 में/आयोजनेत्तर
46– कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	50

महायोग– 10,50,000/-

(रू0 दस लाख पचास हजार)

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव।

Non Plan-Latter

उत्तराखण्ड शासन
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– / /XVIII(1)/2010–3/2004
देहरादूनः दिनांकः २8 जनवरी, 2011

अधिसूचना
प्रकीर्ण

राज्यपाल, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली, 2009 में अग्रत्तर संशोधन करने हेतु निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) (संशोधन) सेवा नियमावली, 2010

संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भः

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) (संशोधन) सेवा नियमावली, 2010 है।
(2) यह तुरन्त लागू होगी।

नियम 5 का संशोधन

2. उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली, 2009 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम 5 के उपनियम (2) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उप नियम रख दिया जायेगा, अर्थात;

स्तम्भ–1 वर्तमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम
(2)(क) चालीस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त राजस्व निरीक्षक में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा;	(2)(क) तीस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त राजस्व निरीक्षक में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा;
(ख) दस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा; परन्तु यदि पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में पात्र या उपयुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो उपलब्ध न हो तो पद उपनियम (2) के खण्ड (क) के अधीन पदोन्नति द्वारा भरा जा सकता है।	(ख) दस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा;
	(ग) दस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त वन पंचायत निरीक्षकों में से जिन्होंने भर्ती के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा;

2–

परन्तु यह कि यदि पदोन्नति के लिए पर्याप्त संख्या में पात्र या उपयुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो अथवा वन पंचायत निरीक्षक उपलब्ध न हों तो पद उपनियम (2) के खण्ड (क) के अधीन पदोन्नति द्वारा भरा जा सकता है।

आज्ञा से,

(डॉ0 राकेश कुमार)
सचिव।

संख्या– 1160 (1)/XVIII(1)/2010, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य सचिव/समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. आयुक्त, कुमाऊँ/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/देहरादून।
4. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
6. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड, हरिद्वार।
7. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं वित्त सेवाएं, उत्तराखण्ड, देहरादून।
8. निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रूड़की को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे कृपया अधिसूचना को गजट के आगामी अंक में प्रकाशित कराकर गजट की 100 सौ प्रतियां शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
9. निदेशक, सूचना विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
10. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
11. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय देहरादून को इण्टरनेट पर प्रसारण हेतु।
12. गाई फाइल।

आज्ञा से,

(सन्तोष बडोनी)
अनुसचिव

उत्तराखण्ड शासन

राजस्व अनुभाग–1

13 फरवरी, 2009 ई0

संख्या 240/XVIII(1)/2009–4/2008–"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग और इस विषय पर समस्त विद्यमान नियमों और आदेशों का अतिक्रमण करके राज्यपाल उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं :–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली, 2009

भाग एक–सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ–

(1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा नियमावली, 2009 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

2. सेवा की प्रास्थिति–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा एक अधीनस्थ राज्य सेवा है, जिसमें समूह "ग" के पद समाविष्ट हैं।

3. परिभाषायें–

जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो इस नियमावली में–

(क) "अधिनियम" से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण अधिनियम) 1994 (यथा उत्तराखण्ड में प्रवृत्त) अभिप्रेत है,

(ख) "नियुक्ति प्राधिकारी" से मुख्य राजस्व आयुक्त, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है,

(ग) "भारत का नागरिक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो संविधान के भाग–II के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाता है,

(घ) "आयुक्त" से किसी मण्डल के आयुक्त अभिप्रेत है,

(ङ) "आयोग" से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है,

(च) "संविधान" से भारत का संविधान अभिप्रेत है,

(छ) "सरकार" से उत्तराखण्ड की राज्य सरकार अभिप्रेत है,

(ज) "राज्यपाल" से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है,

(झ) "संस्थान" से राजस्व पुलिस एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, अल्मोड़ा अथवा उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल अभिप्रेत है,

(ट) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है,

(ठ) "सेवा" से उत्तराखण्ड अधीनस्थ राजस्व कार्यपालक (नायब तहसीलदार) सेवा अभिप्रेत है,

(ड) "मौलिक नियुक्ति" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात् की गई हो,

(ढ) "भर्ती का वर्ष" से किसी कलेण्डर वर्ष के जुलाई के प्रथम दिवस से प्रारम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है,

(त) "नायब तहसीलदार" से "पेशकार" भी अभिप्रेत है।

भाग दो–संवर्ग

4. सेवा का संवर्ग–

(1) सेवा की सदस्य संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाये।

(2) जब तक कि उपनियम (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तन न किया जाये, सेवा की सदस्य संख्या निम्न होगी :–

पद का नाम	पदों की संख्या		योग
	स्थाई	अस्थाई	
नायब तहसीलदार	105	39	144

परन्तु उपबन्ध यह है कि:

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को बिना भरे हुये छोड़ सकता है या राज्यपाल उसे आस्थगित रख सकते हैं, जिससे कोई व्यक्ति प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(दो) राज्यपाल ऐसे अतिरिक्त स्थायी या अस्थायी पदों का सृजन कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग तीन–भर्ती

5. भर्ती का श्रोत–

सेवा में पदों पर भर्ती निम्नलिखित श्रोतों से की जायेगी :–

(1) पचास प्रतिशत पद आयोग द्वारा संचालित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर सीधी भर्ती द्वारा,

(2) (क) चालीस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त राजस्व निरीक्षकों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा;

(ख) दस प्रतिशत पद मौलिक रूप से नियुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा :

परन्तु यदि पदोन्नति के लिये पर्याप्त संख्या में पात्र या उपयुक्त रजिस्ट्रार कानूनगो उपलब्ध न हो तो पद उपनियम (2) के खण्ड (क) के अधीन पदोन्नति द्वारा भरा जा सकता है।

6. आरक्षण–

उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण, समय–समय पर यथासंशोधित और भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग चार–अर्हतायें

7. राष्ट्रीयता–

सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 01 जनवरी, 1962 के पूर्व भारत आया हो, या

(ग) भारतीय मूल का ऐसा व्यक्ति हो जिसने भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका या केनिया, युगांडा और संयुक्त तांजानिआ गणराज्य (पूर्ववर्ती तागांनिआ और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रजनन किया हो :

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) या (ग) से सम्बन्धित अभ्यर्थी को ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जिसके पक्ष में सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि, उपर्युक्त श्रेणी (ख) से सम्बन्धित अभ्यर्थी के लिये भी पुलिस उप महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा :

परन्तु यह भी कि, यदि कोई अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) से सम्बन्धित हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिये जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि के बाद सेवा में इस शर्त पर रहने दिया जायेगा कि वह भारत की नागरिकता प्राप्त कर ले।

टिप्पणी–ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु वह न तो जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा या साक्षात्कार में सम्मिलित किया जा सकता है और इसे अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है। किन्तु शर्त यह है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाये या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाये।

8. शैक्षिक अर्हता–

सेवा में सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी के पास भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई शैक्षिक अर्हता होनी आवश्यक है।

9. अधिमानी अर्हता–

अन्य बातों के समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा जिसने–

(एक) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो, या

(दो) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।

10. आयु–

सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी ने उस कैलेण्डर वर्ष की, जिसमें आयोग द्वारा सीधी भर्ती के लिये रिक्तियां विज्ञापित की जाये, पहली जुलाई को 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो और 35 वर्ष से अधिक की आयु प्राप्त न की हो :

परन्तु, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा ऐसी अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के मामले में जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाये, अधिकतम आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाये।

11. चरित्र–

सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिये जिससे वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिये सर्वथाउपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस सम्बन्ध में अपना समाधान कर लेगा।

टिप्पणी–संघ सरकार या किसी राज्य सरकार या संघ सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्व में या नियंत्रणाधीन किसी प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिये दोष सिद्ध व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

12. वैवाहिक प्रास्थिति–

सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिये ऐसा पुरुष अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों, या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी जिसने ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो:

परन्तु, सरकार किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकती है, यदि उसका यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने के लिये विशेष कारण विद्यमान है।

13. शारीरिक स्वास्थता–

किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और वह किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिये अनुमोदित करने से पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वह वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड दो, भाग तीन के अध्याय तीन में समाविष्ट मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे।

परन्तु पदोन्नति द्वारा भर्ती किये गये अभ्यर्थी से स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं होगा।

भाग पांच–भर्ती की प्रक्रिया

14. रिक्तियों का अवधारण–

नियुक्ति प्राधिकारी, तत्समय प्रवृत्त नियमों के अनुसार, भर्ती के वर्ष के दौरान भरे जाने वाली रिक्तियों की संख्या और नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और उसकी सूचना आयोग को देगा।

15. सीधी भर्ती की प्रक्रिया–

(1) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिये आयोग विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित करेगा। आवेदन पत्र भुगतान कर आयोग के सचिव से प्राप्त किये जा सकेंगे।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश–पत्र न हो।

(3) लिखित परीक्षा का परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात् आयोग नियम 6 के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्ग और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों का सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये बुलायेगा जो लिखित परीक्षा के परिणाम पर इस सम्बन्ध में आयोग द्वारा निर्धारित स्तर तक पहुंच चुके हों। प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को उसके द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त किये गये अंकों में जोड़ा जायेगा।

(4) आयोग अभ्यर्थियों की उनकी प्रवीणता में, जैसा कि लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों के योग से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को, जितनी वह नियुक्ति के लिये उचित समझे, संस्तुति करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी योग में बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में उच्चतर स्थान पर रखा जायेगा। आयोग सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

टिप्पणी–प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम और नियम सरकार के अनुमोदन से आयोग द्वारा समय–समय पर विहित किये जायेंगे।

16. आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया–

पदोन्नति द्वारा भर्ती, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए, ज्येष्ठता के आधार पर, समय–समय पर यथासंशोधित उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग संपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 2003 के अनुसार की जायेगी।

17. संयुक्त चयन सूची–

यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति, दोनों के द्वारा की जाये तो एक संयुक्त चयन सूची तैयार की जायेगी जिसमें सुसंगत सूचियों से अभ्यर्थियों के नाम इस रीति से लेकर रखें जायेंगे कि विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

18. चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण–

नियम 15 या 16 के अधीन चयनित अभ्यर्थी ऐसे दिनांक को संस्थान में पद ग्रहण करेंगे, जैसा मुख्य राजस्व आयुक्त द्वारा नियत किया जाये, जो सामान्यतः नवम्बर का प्रथम दिवस होगा और इस नियमावली के अधीन नियुक्ति के पूर्व साढ़े चार मास का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

19. अर्हता परीक्षा–

(1) प्रशिक्षण के अंत में एक अर्हता परीक्षा अभिनिर्धारित होगी जिसके लिये मुख्य राजस्व आयुक्त द्वारा व्यवस्था की जायेगी।

(2) संस्थान का निदेशक प्रत्येक अभ्यर्थी की उपस्थिति, मासिक परीक्षा, आचरण और अनुशासन के आधार पर कार्य और आचरण का निर्धारण करेगा जिसके लिये अर्हता परीक्षा के लिये कुल अंकों के बीस प्रतिशत अंक निश्चित किये जायेंगे और अभ्यर्थियों द्वारा इस सम्बन्ध में प्राप्त अंकों को अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों में जोड़ दिया जायेगा।

(3) किसी भी अभ्यर्थी को अर्हता परीक्षा में तब तक सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि सत्र के दौरान वह संस्थान के खुले रहने के कुल दिनों के अस्सी प्रतिशत [illegible] में उपस्थित न रहा हो तथापि मुख्य राजस्व आयुक्त आपवादिक मामलों में शर्तों को शिथिल कर सकते हैं।

(4) यदि कोई अभ्यर्थी अर्हता परीक्षा में असफल हो जाता है तो उसको संस्थान में दो महीने के अग्रतर लघु प्रशिक्षण की अनुमति दी जा सकती है। ऐसे प्रशिक्षण की व्यवस्था केवल उन्हीं विषयों में की जायेगी जिनमें अभ्यर्थी अर्हता परीक्षा में असफल रहा हो और ऐसे प्रशिक्षण के अंत में संस्थान द्वारा अनुपूरक परीक्षा आयोजित की जायेगी।

(5) समस्त सफल अभ्यर्थियों को संस्थान का प्रमाण–पत्र दिया जायेगा।

(6) प्रत्येक सत्र में मुख्य राजस्व आयुक्त एक अधिकारी को अर्हता परीक्षा के अधीक्षक के रूप में कार्य करने के लिये नाम निर्दिष्ट करेगा। अधीक्षक अपने बदले में निरीक्षक नियुक्त करेगा जो परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों के द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग का प्रयास, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुये कदाचार के मामलों को उसे सूचित करेंगे। अधीक्षक, स्वविवेकानुसार परीक्षार्थी को या तो अग्रेतर परीक्षा से विवर्जित कर सकता है या किसी प्रश्न–पत्र विशेष में उसके द्वारा प्राप्त अंकों में से कटौती करने का आदेश दे सकता है। अनुचित साधनों को सम्मिलित करते हुये कदाचार के आधार पर ऐसा करने से पूर्व अधीक्षक द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के विरुद्ध कारण बताने का पूरा अवसर परीक्षार्थी को प्रदान किया जायेगा। परीक्षार्थी अधीक्षक द्वारा की गयी कार्यवाही के विरुद्ध मुख्य राजस्व आयुक्त के समक्ष अपील दायर कर सकता है। मुख्य राजस्व आयुक्त का विनिश्चय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

भाग छः–नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

20. नियुक्ति–

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये, नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति उसी क्रम में करेगा जिसमें उनके नाम यथास्थिति, नियम 15, 16 या 17 के अधीन तैयार की गयी सूची में आये हों।

(2) जहां भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जानी हो तो नियमित नियुक्तियां तब तक नहीं की जायेगी जब तक दोनों श्रोतों से चयन न कर लिया जाये और नियम 17 के अनुसार एक संयुक्त चयन सूची तैयार न कर ली जाये।

(3) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में नियुक्ति के एक से अधिक आदेश जारी किये जाते हैं तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा जिसमें चयनित व्यक्तियों के नामों का उल्लेख उस ज्येष्ठता क्रम में किया जायेगा। जैसा यथास्थिति चयन में अवधारित की जाये या जैसी कि उस संवर्ग में हो, जिससे उन्हें पदोन्नत किया जाये। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों द्वारा की जाये तो नामों को नियम 17 में निर्दिष्ट क्रम के अनुसार रखा जायेगा।

21. परिवीक्षा–

(1) सेवा में किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्ति किये जाने पर प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा पर रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे कारणों से, जो अभिलिखित किये जायेंगे, अलग–अलग मामलों में परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकता है, जिसमें ऐसा दिनांक, विनिर्दिष्ट किया जायेगा जब तक अवधि बढ़ाई जाये :

परतु उपबन्ध यह है, कि आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय, परिवीक्षा–अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ायी जायेगी।

(3) यदि परिवीक्षा अवधि या बढ़ायी गयी परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी भी समय या उसके अन्त में नियुक्ति प्राधिकारी को यह प्रतीत हो कि परिवीक्षाधीन व्यक्ति ने अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है, तो उसे उसके मौलिक पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकता है और यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार न हो, तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकती हैं।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो या जिसकी सेवायें समाप्त कर दी गई हैं, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी सेवा के संवर्ग में सम्मिलित किसी पद पर या किसी अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थापन्न या अस्थायी रूप में की गयी निरन्तर सेवा को परिवीक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

22. स्थायीकरण–

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुये, किसी परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि या, बढ़ाई गयी परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर उसकी नियुक्ति में स्थायी कर दिया जायेगा, यदि–

(क) उसने साढ़े चार मास का विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो,

(ख) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया गया हो, और

(ग) उसकी सत्यनिष्ठा अभिप्रमाणित हो।

(2) जहां उत्तराखण्ड राज्य के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है वहां उस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन की गई यह घोषणा कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

23. ज्येष्ठता–

मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता, समय–समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2003 के अनुसार अवधारित की जायेगी।

भाग सात–वेतन आदि

24. वेतनमान–

(1) नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाये।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनबैंड एवं सादृश्य ग्रेड पे निम्न प्रकार है :–

पदनाम	वेतनबैंड/वेतनमान (रु0 में)	सादृश्य ग्रेड पे (रु0 में0)
नायब तहसीलदार	9300–34800	4200

25. परिवीक्षा अवधि के दौरान वेतन–

(1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल उपबन्ध के होते हुये भी, परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि वह पहले से स्थायी सरकारी सेवा में न हो, को समयमान में उसकी प्रथम वेतनवृद्धि तभी दी जायेगी जब उसनें एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली हो, विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो और प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया हो, और द्वितीय वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् तभी दी जायेगी जब उसने परिवीक्षा अवधि पूरी कर ली हो और उसे स्थायी भी कर दिया गया हो :

परन्तु यह कि, यदि समाधान प्रदान करने में असफल रहने के कारण परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जाती है, तो जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे दे, ऐसी बढ़ाई गई अवधि वेतनवृद्धि के लिए आगणित नहीं की जायेगी।

(2) परिवीक्षा के दौरान ऐसे व्यक्ति का वेतन, जो सरकार के अधीन पहले से ही पद धारण कर रहा है, संगत मूल नियमों द्वारा विनिमित किया जायेगा।

भाग आठ–अन्य उपबन्ध

26. पक्ष समर्थन–

किसी पद पर या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित संस्तुति से भिन्न किन्हीं सिफारिशों पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायेगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास उसे नियुक्त के लिये अनर्ह कर देगा।

27. अन्य विषयों का विनियमन–

ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो विनिर्दिष्ट रूप से इस नियमावली या विशेष आदेशों के अन्तर्गत न आते हों, सेवा में नियुक्त व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू नियमों, विनियमों और आदेशों द्वारा नियंत्रित होंगे।

28. सेवा की शर्तों का शिथिलीकरण–

यदि राज्य सरकार का यह समाधान हो जाये कि सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामलें में अनुचित कठिनाई होती है, वहां वह ऐसे मामले में लागू नियमावली में किसी बात के होते हुये भी, आदेश द्वारा, उस नियम की अपेक्षाओं को उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुये, जिन्हें वह मामले में न्याय संगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिये आवश्यक समझें, अभियुक्त या शिथिल कर सकती है :

परन्तु जहां कोई नियम आयोग के परामर्श से बनाया गया हो वहां उस नियम की अपेक्षाओं को अभिमुक्त या शिथिल करने से पूर्व आयोग से परामर्श किया जायेगा।

29. व्यावृत्ति–

इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिनका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये उपबन्ध किया जाना अपेक्षित है।

आज्ञा से,

सुभाष कुमार,
प्रमुख सचिव।

टिप्पणी–राजपत्र, दिनांक 07–3–2009, भाग–1 में प्रकाशित।
[प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित––]
पी0एस0यू0 (आर0ई0) 22 राजस्व/177–13–3–2009–500 (कम्प्यूटर/रीजियो)

उत्तराखण्ड शासन
कार्मिक अनुभाग–2
संख्या 1412 / XXX(2) / 2011– 3(1) / 2006
देहरादूनः दिनांकः 21 नवम्बर, 2011

दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा,नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण नियमावली, 2011 विषयक अधिसूचना संख्या 1412 / XXX (2) / 2011- 3(1) / 2006 दिनांक 21 नवम्बर, 2011 की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त प्रभारी सचिव / अपर सचिव (स्वतंत्र प्रभार)
3. सचिव श्रीराज्यपाल, उत्तराखण्ड।
4. समस्त मण्डलायुक्त / जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5. समस्त विभागाध्यक्ष / प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
6. प्रमुख सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड।
7. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड, हरिद्वार।
8. निदेशक, एन.आई.सी., सचिवालय परिसर।
9. निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री रूड़की (हरिद्वार) को अधिसूचना की एक अतिरिक्त प्रति संलग्न करते हुए इस निवेदन के साथ प्रेषित कि कृपया अधिसूचना को असाधारण गजट विधायी परिशिष्ट भाग–4 में मुद्रित करा कर इसकी 500 प्रतियॉ कार्मिक अनुभाग–2 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नः यथोक्त

आज्ञा से,
(अरविन्द सिंह ह्यांकी)
अपर सचिव।

उत्तराखण्ड शासन
कार्मिक अनुभाग–2
संख्याः १५१२ /XXX(2)/2011–3(1)/2006
देहरादून : दिनांक २१ नवम्बर, 2011

अधिसूचना

प्रकीर्ण

मा0 उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ द्वारा सचिव, कर्नाटक राज्य व अन्य बनाम उमा देवी व अन्य (ए.आई.आर. 2006 एस.सी. 1806) में पारित निर्णय दिनांक 10.04.2006 के परिप्रेक्ष्य में संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तराखण्ड राज्याधीन सेवाओं/पदों पर दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप से नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण किए जाने के लिए एतद्विषयक पूर्व में प्रख्यापित/निर्गत समस्त नियमावलियों एवं आदेशों को अधिक्रमित करते हुए निम्नवत् नियमावली बनाते हैं :–

दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण नियमावली, 2011

संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होना 1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण नियमावली, 2011 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

अध्यारोही प्रभाव 2. इस नियमावली के उपबन्ध संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक के अधीन राज्यपाल द्वारा उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के अन्तर्गत तथा उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों हेतु बनाये गये किन्हीं अन्य नियमों या तत्समय प्रवृत्त आदेशों में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी प्रभावी होंगे।

परिभाषाएं 3. जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई प्रतिकूल बात न हो, इस नियमावली में :–

(क) किसी पद के सम्बन्ध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से संवर्ग के अन्तर्गत

विनियमितीकरण हेतु विचारित होने वाले पद विशेष पर नियुक्त करने के लिए संवर्ग की संगत सेवा नियमावली में उल्लिखित सक्षम प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ख) "राज्यपाल" से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;

(ग) "सरकार" से उत्तराखण्ड की सरकार अभिप्रेत है।

दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों के विनियमितीकरण के लिए शर्तें।

4. इस नियमावली के अधीन ऐसा कार्मिक विनियमितीकरण हेतु अर्ह होगा :–

(1) जो दिनांक 01.11.2011 से 10 वर्ष पूर्व अर्थात 01.11.2001 तक दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप में नियुक्त हुआ हो और इस नियमावली के प्रारम्भ के दिनांक को, उस पद या समकक्ष पद पर, निरन्तर सेवारत रहा हो;

(2) जो उपनियम (1) में सन्दर्भित ऐसी नियुक्ति के समय रिक्त/स्वीकृत पद के विरूद्ध नियुक्त किया गया हो और नियुक्ति के समय पर पद हेतु प्रचलित सेवा नियमों में निर्धारित शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं तथा आयु सीमा सम्बन्धी शर्तें पूर्ण करता हो; तथा

(3) जिसको विनियमित करने हेतु इस नियमावली के प्रख्यापन की तिथि को उस संवर्ग में पद स्वीकृत एवं रिक्त हो।

(4) उप नियम (1) में निर्धारित तिथि तक पात्रता सूची में अंकित सभी कार्मिकों को पद रिक्त होने तक विनियमित किया जायेगा।

विनियमितीकरण हेतु चयन समिति का गठन।

5. विनियमितीकरण के प्रयोजन से शासन स्तर के पदों हेतु शासन के सम्बन्धित प्रशासकीय विभाग के प्रमुख द्वारा तथा विभाग स्तर के पदों हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्ष द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी की अध्यक्षता में एक चयन समिति गठित की जायेगी, जिसमें विभाग के दो अन्य अधिकारी सदस्य होंगे। इस प्रकार गठित चयन समिति में सम्मिलित अधिकारियों में से कोई अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के न होने की स्थिति में इन श्रेणियों के एक–एक अधिकारी को अतिरिक्त रूप से चयन समिति का सदस्य नामित किया जायेगा।

विनियमितीकरण की प्रक्रिया।

6. (1) नियुक्ति प्राधिकारी प्रत्येक पद के सम्बन्ध में उपर्युक्त नियम 4 की शर्तें पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों की एक अनन्तिम संयुक्त पात्रता सूची उस

ज्येष्ठता क्रम में तैयार करेगा जैसा कि उस पद पर उनकी दैनिक वेतन/कार्यप्रभारित/संविदा/नियत वेतन/अंशकालिक/तदर्थ रूप में नियुक्ति के आदेश के दिनांक के अनुसार अवधारित हो। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी एक साथ नियुक्त हुए हों तो अनन्तिम संयुक्त पात्रता सूची उस क्रम में तैयार करेगा, जिस क्रम में उनके नाम उनकी नियुक्ति के आदेश में उल्लिखित हों और यदि दो या अधिक अभ्यर्थी एक ही दिनांक को तथा एक ही श्रेणी में नियुक्त हुए हों तो सूची में उनका क्रम आयु में ज्येष्ठता के क्रम में अवधारित किया जायेगा :

परन्तु यह कि यदि पद विशेष पर समान प्रकार/श्रेणी से नियुक्ति के स्थान पर भिन्न–भिन्न प्रकार/श्रेणी से (यथा दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक अथवा तदर्थ) नियुक्ति की गयी हो, तो अनन्तिम संयुक्त पात्रता सूची नियुक्ति आदेश के दिनांक के क्रम में तैयार की जायेगी; और यदि नियुक्ति आदेश का दिनांक समान हो तो आयु में ज्येष्ठता के क्रम में अनन्तिम संयुक्त पात्रता सूची में उनका क्रम अवधारित किया जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी उपर्युक्त उपनियम (1) के अधीन तैयार की गयी अनन्तिम संयुक्त पात्रता सूची सूचीबद्ध कार्मिकों के मध्य परिचालित कर तथा अपनी विभागीय वेबसाईट, यदि हो, पर प्रदर्शित करते हुए हितबद्ध कार्मिकों से पन्द्रह दिनों में आपत्तियां आमंत्रित करेगा और तदोपरान्त एक सप्ताह के अन्दर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कर अन्तिम संयुक्त पात्रता सूची जारी करेगा।

(3) उपर्युक्त उपनियम (1) के अनुसार तैयार अन्तिम संयुक्त पात्रता सूची को अभ्यर्थियों के सुसंगत अभिलेखों के आधार पर, जो उनकी उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए आवश्यक हों, चयन समिति के समक्ष रखा जायेगा तथा चयन समिति प्रस्तुत किए जाने वाले अभिलेखों के आधार पर सभी अभ्यर्थियों की उपयुक्तता पर विचार करेगी।

(4) इस नियमावली के अधीन कार्मिक जिस वर्ग/श्रेणी (आरक्षित/अनारक्षित) से सम्बन्धित है, उसका विनियमितीकरण उसी वर्ग/श्रेणी (आरक्षित/

अनारक्षित) में उपलब्ध पदों/रिक्तियों की सीमा तक किया जायेगा :

परन्तु यह कि यदि उपनियम (2) के अनुसार अन्तिम संयुक्त पात्रता सूची में आरक्षित श्रेणी का कोई कार्मिक अपनी ज्येष्ठता के आधार पर अनारक्षित श्रेणी की रिक्ति/पद के सापेक्ष विचार क्षेत्र में आ रहा हो, तो ऐसे कार्मिक को अनारक्षित श्रेणी की रिक्ति के सापेक्ष विनियमित किया जायेगा, किन्तु यदि आरक्षित श्रेणी की रिक्ति हो और ऐसी रिक्ति के सापेक्ष विनियमितीकरण हेतु उस आरक्षित श्रेणी का पात्र कार्मिक उपलब्ध न हो तो उस रिक्ति के सापेक्ष किसी अन्य आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी के कार्मिक को विनियमित नहीं किया जायेगा और ऐसी रिक्ति नियमित चयन के माध्यम से सम्बन्धित आरक्षित श्रेणी से ही भरी जायेगी।

(5) चयन समिति विनियमितीकरण हेतु उपयुक्त चयनित अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगी। सूची में नाम संयुक्त पात्रता सूची की ज्येष्ठता के क्रम में रखे जायेंगे।

आयु सीमा में छूट

7. उपर्युक्त नियम 6 के अनुसार विनियमितीकरण के लिए पात्र कार्मिकों को सम्बन्धित पद की सेवा नियमावली के अनुसार विहित अधिकतम आयु की सीमा सम्बन्धी शर्त से उतनी अवधि हेतु, जितनी कि विनियमितीकरण के दिनांक को आवश्यक हो, छूट प्रदान की जायेगी।

नियुक्तियां

8. (1) नियुक्ति प्राधिकारी, नियम 6 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए उपर्युक्त नियम 6 के उपनियम (5) के अधीन तैयार की गयी सूची में से कार्मिको के विनियमितीकरण के आदेश उस क्रम में पारित करेगा जिस क्रम में उनका नाम उक्त सूची में रखे गये हों। विनियमितीकरण का आदेश जिस तिथि को जारी किया जायेगा, उसी तिथि से कार्मिक उस पद पर मौलिक रूप से नियुक्त माना जायेगा और पूर्ववर्ती किसी तिथि से मौलिक रूप से नियुक्त नहीं माना जायेगा।

(2) छठवें वेतन आयोग की संस्तुति के कम में चतुर्थ श्रेणी के पदों को मृत काडर में परिवर्तित करने सम्बन्धी पूर्व आदेश उक्त नियमावली के अधीन विनियमितीकरण करके नियुक्त होने वाले चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों के पदों पर लागू नहीं होंगे। उक्त नियमावली के अधीन विनियमित होकर नियुक्त

होने वाले चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों के सेवानिवृत्त, पदत्याग अथवा मृत्यु होने के फलस्वरूप उक्त पद स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

नियुक्ति की विधिमान्यता

9. इस नियमावली के अधीन विनियमितीकरण के माध्यम से की गयी नियुक्ति संगत सेवा नियमों या आदेशों के, यदि कोई हों, के अधीन की गयी नियुक्ति समझी जायेगी।

ज्येष्ठता

10. (1) इस नियमावली के अधीन विनियमित कोई कार्मिक इस नियमावली के अनुसार चयन के पश्चात् केवल कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से उस संवर्ग/पद के सापेक्ष ज्येष्ठता का हकदार होगा और सम्बन्धित संवर्ग/पद के सापेक्ष उसकी ज्येष्ठता विनियमितीकरण आदेश निर्गत होने की तिथि के पूर्व तक संगत सेवा नियमों अथवा यथा स्थिति विहित प्रक्रिया के अनुसार नियमित रूप से नियुक्त किए गए कार्मिक के नीचे निर्धारित की जायेगी।

(2) इस नियमावली के अधीन विनियमित किए गए कार्मिकों की पारस्परिक ज्येष्ठता उपर्युक्त नियम 6 के उपनियम (2) के अन्तर्गत तैयार की गयी अन्तिम संयुक्त पात्रता सूची में अंकित ज्येष्ठता के अनुरूप होगी।

आज्ञा से,

(उत्पल कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव।

उत्तराखण्ड शासन,
राजस्व अनुभाग–1
संख्या– / /XVIII(1)/2012–3(1)/2008
देहरादूनः दिनांकः 11 मई, 2012

कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (अधिनियम संख्या–29 सन् 2000) की धारा–87 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2408/राजस्व/2001 दिनांक 26 सितम्बर, 2001 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में कार्यरत "राजस्व परिषद" के स्थान पर "मुख्य राजस्व आयुक्त" कार्यालय का गठन करते हुए कार्यालय के अधीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का पदो का निर्धारण किया गया था एवं शासनादेश संख्या–457/XVIII(1)/2010-3(1)/2008 दिनांक 29 मार्च, 2010 द्वारा "मुख्य राजस्व आयुक्त" कार्यालय का पुनर्गठन किया गया, में संशोधित करते हुए श्री राज्यपाल महोदय "मुख्य राजस्व आयुक्त" कार्यालय के स्थान पर "राजस्व परिषद", उत्तराखण्ड के गठन करने एवं "राजस्व परिषद" उत्तराखण्ड में निम्नवत पदों के सृजन की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र0 सं0	पद नाम	वेतनमान (₹ में)	अभ्युक्ति
1	2	3	4
1.	अध्यक्ष, राजस्व परिषद	शीर्षस्थ वेतनमान ₹80000/–(नियत)	• मुख्य राजस्व आयुक्त के पद को समाप्त करते हुए। • अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग से भरा जायेगा।
2.	अध्यक्ष, राजस्व परिषद के स्टाफ आफिसर	₹ 9300–34800 ग्रेड पे–4800	• मुख्य राजस्व आयुक्त के स्टाफ आफिसर के पद को समाप्त करते हुए।

2– मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय के पद सृजन सम्बन्धी शासनादेश संख्या–457/XVIII(1)/2010-3(1)/2008 दिनांक 29 मार्च, 2010 में इंगित तालिका के क्रमांक–2 से क्रमांक–6 एवं क्रमांक–8 से क्रमांक–24 तक के पद एवं शासनादेश दिनांक 29 मार्च, 2010 की शर्तें यथावत रहेंगे।

3– मुख्य राजस्व आयुक्त कार्यालय के गठन एवं पद सृजन सम्बन्धी पूर्व में निर्गत आदेश उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–487/XXVII(7)/2012 दिनांक 11 मई, 2012 में प्राप्त सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

(ओम प्रकाश)
प्रमुख सचिव

संख्या–571(1)/XVIII(1)/2012 एवं तद्दिनांकित।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
2. मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राजस्व परिषद, देहरादून।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. मुख्य स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।

2–

GO (2).doc

6. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
7. समस्त निजी सचिव, मा0 मंत्रीगण, उत्तराखण्ड सरकार।
8. महानिदेशक, पुलिस, पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
9. महानिबन्धक, मा0 उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल।
10. आयुक्त, कुमाऊँ एवं गढ़वाल मण्डल, उत्तराखण्ड।
11. अपर मुख्य राजस्व आयुक्त, कुमाऊँ/गढ़वाल, उत्तराखण्ड।
12. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
13. निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं वित्त सेवायें, उत्तराखण्ड।
14. निदेशक, सूचना विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
15. निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून को इन्टरनेट पर प्रसारण हेतु।
16. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
17. गार्ड-फाइल।

(ओम प्रकाश)
प्रमुख सचिव

GO (2).doc

संख्या–561 /XVIII(1)/2012–07(51)/2009

प्रेषक,

सन्तोष बड़ोनी,
अनुसचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य राजस्व आयुक्त,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

राजस्व अनुभाग–1 **देहरादूनः दिनांकः 10 मई, 2012**

